''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

पेज—03

वर्ष 02, | अंक 120 | पृष्ठ 08 | मूल्य 01 रुपए | वीरवार, 01 मई 2025 | samachargate@gmail.com



# अक्षय तृतीया पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने खोला होडल विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए घोषणाओं का पिटारा

## मुख्यमंत्री ने 10 करोड़ रुपए की तीन विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन

**समाचार गेट/नरवीर यादव**

**होडल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अक्षय तृतीया के अवसर पर पलवल जिला के होडल विधानसभा क्षेत्र के लिए विकास परियोजनाओं की सौगात दी। होडल विधानसभा क्षेत्र के लिए 10 करोड़ रुपए की लागत की 3 परियोजनाओं का उद्घाटन किया। साथ ही, मुख्यमंत्री ने होडल विधानसभा क्षेत्र के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए 5-5 करोड़ रुपए, डीएचबीवीएन के होडल में कार्यालय भवन के लिए 3.54 करोड़ रुपए व हसनपुर में 1.95 करोड़ रुपए, नीरपुर, कोराली, पेंगलतु व सीहा में सब हेल्थ सेंटर, सीहा में फ़सल खरीद केंद्र, होडल में पुन्हाना मोड़ तक ड्रेन के लिए 1.50 करोड़, हसनपुर में उप तहसील को तहसील का दर्जा, विभिन्न तालाबों का पुनरुद्धार तथा क्षेत्र की सभी सड़कों की मरम्मत और सुधार करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री बुधवार को पलवल जिला के होडल में आयोजित बृज विकास रैली को सम्बोधित कर रहे थे। साथ ही, केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर और होडल के विधायक श्री हरिन्द्र सिंह द्वारा रखी गई अधिकतर मांगों को मौके पर ही मंजूर किया। साथ ही शेष मांगों को व्यवहार्यता (फिजिबिलिटी) अध्ययन करवाने के उपरांत पूरा करवाने की बात कही।



नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज अक्षय तृतीया के शुभ और पुण्य पर्व पर आप सबके बीच आकर मन अत्यंत प्रसन्न है। उन्होंने इस पावन पर्व की सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बृज भूमि होडल में आकर मैं स्वयं को गौरवान्वित अनुभव कर रहा हूं। होडल का नाम जब भी लिया जाता है, हमारे मन में एक ऐसा चित्र उभरता है, जहां की मिट्टी में मेहनत, वीरता की गाथाएं और संस्कारों की खुशबू विद्यमान है। यह वही वीर भूमि है, जहां महारानी किशोरी जैसी वीरांगना ने जन्म लिया। महारानी किशोरी जी की वीरता, त्याग और सेवा भावना हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत है। यह क्षेत्र उस सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर का भाग है, जिसने महाभारत के युद्ध और कथाओं को आकार दिया। उन्होंने कहा कि इस जनसभा का उद्देश्य आप सबसे सीधे संवाद करना, आपकी आकांक्षाओं को जानना और आपसे मिलकर एक नए हरियाणा का सपना देखना और उसे साकार करना। इस क्षेत्र को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाना हमारी प्राथमिकता थी, है और प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि यह सरकार आपकी सरकार है। हमारा एकमात्र उद्देश्य 'हर क्षेत्र का विकास, हर नागरिक का उत्थान' है। हम होडल को एक आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाएंगे। शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे, रोजगार के क्षेत्र में विशेष पहल करते हुए, हम होडल को आगे बढ़ाएंगे।

**इन परियोजनाओं का किया उद्घाटन**

मुख्यमंत्री ने बृज विकास रैली में होडल विधानसभा क्षेत्र में लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत की 3 परियोजनाओं के उद्घाटन किए। इनमें 5 करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से नगर परिषद भवन, 2 करोड़ 40 लाख रुपये की लागत से उप-तहसील भवन का निर्माण तथा 1 करोड़ 46 लाख रुपये की लागत से रामगढ़ गांव में खेल स्टेडियम का निर्माण शामिल है।

**होडल विधानसभा क्षेत्र के विकास पर 700 करोड़ रुपए हुए खर्च**

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछले दो कार्यकालों में हमारी सरकार ने होडल क्षेत्र में लगभग 700 करोड़ रुपये की लागत के विकास कार्य करवाए हैं। जबकि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में 236 करोड़ रुपये के विकास कार्य करवाए गए। उन्होंने होडल के विकास से जुड़ी उपलब्धियों के बारे में बताते हुए कहा कि टाउन में जलापूर्ति बढ़ाने के लिए बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण और पाइप लाइन बिछाने का कार्य 12 करोड़ रुपये की लागत से किया गया। होडल शहर में बरसाती पानी की निकासी के लिए 6 करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से ड्रेन का निर्माण किया गया। जलापूर्ति योजना, पेंगतलू का निर्माण 8 करोड़ 24 लाख रुपये की लागत से किया गया है। नई अनाज मंडी, होडल का विकास 8 करोड़ 22 लाख रुपये की लागत से किया गया है। बंचारी में 66 के.वी. सब-स्टेशन की स्थापना 7 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से की गई। होडल के सती सरोवर का नवीनीकरण 6 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है।

**विकास परियोजनाओं से बदली पलवल की तस्वीर**

मुख्यमंत्री ने पलवल जिला के विकास से जुड़ी प्रमुख योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि अपने पिछले दो कार्यकालों में जिला पलवल को विकसित करने के लिए कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य 2,345 करोड़ रुपए की लागत से पूरा किया गया है। वेस्टर्न डेडिकेटिड फ्रेट कॉरीडोर के रेवाड़ी-मदार सेक्शन का निर्माण जारी है। इसी तरह कुंडली-सोनीपत और सोहना-मानेसर के लिए 5,618 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 'हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर' निर्माणाधीन है। प्रदेश में युवाओं के कौशल विकास के लिए दुधौला में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय स्थापित किया गया है। पलवल-हसनपुर वाया कौशक सड़क को चौड़ा व मजबूत करने का कार्य 23 करोड़ 49 लाख रुपए की लागत से किया गया है। वहीं पलवल शुगर मिल की पिराई क्षमता 12 करोड़ रुपये की लागत से बढ़ाई गई। इस दौरान विभिन्न सामाजिक धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उनका अभिनंदन किया।

**प्रधानमंत्री ने 10 साल में हर क्षेत्र के विकास को किया दोगुना : कृष्ण पाल गुर्जर**

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर ने फरीदाबाद संसदीय क्षेत्र में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का स्वागत किया। उन्होंने बीते एक दशक में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र व हरियाणा की सरकारों के कार्यकाल को हर क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति का कालखंड बताया। इस अवधि में विमानन, रेलवे, ऊर्जा, सामाजिक न्याय, कृषि आदि के लिए आबंटित बजट में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। कृषि क्षेत्र की बात करें तो यूपीए शासन काल के 21 हजार करोड़ रुपए के बजट को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल में 4.50 लाख करोड़ रुपए तथा ऊर्जा क्षेत्र में 43,000 करोड़ रुपए की तुलना में एक लाख 43 हजार करोड़ रुपए हो गया। मुख्यमंत्री की कार्यशैली को प्रशंसनीय बताते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की सादगी, मिलनसारिता व जनता से जुड़ाव ने प्रदेश की राजनीति को निर्मल कर दिया।

**मुख्यमंत्री ने दिया खेल व खिलाडियों को बढ़ावा : गौरव गौतम**

युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता व खेल राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) श्री गौरव गौतम ने पहलगाम की घटना से प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की और मृतकों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी पर हमें पूरा भरोसा है कि उनके नेतृत्व में आतंकवाद के सफाए में बड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कि उन्होंने मुख्यमंत्री की शपथ बाद में ली लेकिन उससे पहले प्रदेश के हजारों युवाओं को बिना खर्ची-पर्ची के नौकरी ज्वाइन करवाई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने हरियाणा के खेल एवं खिलाडियों को आगे बढ़ाने का काम किया।

होडल के विधायक एवं रैली के संयोजक श्री हरिन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया और पूर्व में विधानसभा क्षेत्र की सड़कों के विकास के लिए 84 करोड़ रुपए, पीने के पानी की योजना व नगर परिषद क्षेत्र के विकास के लिए करोड़ों रुपए की योजनाओं को स्वीकृति देने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने क्षेत्र के विकास से जुड़ी विभिन्न मांग भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं बल्लभगढ़ के विधायक श्री मूलचंद शर्मा, विधायक श्री सतीश फागना, डा. कृष्ण कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहें।

# कांग्रेस की जातिगत जनगणना की मांग को आखिरकार भाजपा सरकार ने माना : आफताब अहमद



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** दिल्ली में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दक्षिण हरियाणा के दिग्गज नेता नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद ने भाजपा केंद्र सरकार द्वारा जातिगत जनगणना कराई जाने के फैसले पर इसे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के संघर्ष की जीत बताया है। बता दें कि केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति ने आज फैसला किया है कि जाति गणना को आगामी जनगणना में शामिल किया जाना चाहिए।

विधायक आफताब अहमद ने कहा कि ये कांग्रेस का प्रमुख मुद्दा रहा है, सड़क, संसद और हर पटल पर इसे कांग्रेस विशेषकर राहुल गांधी ने उठाया है। सरकार का ये फैसला सामाजिक न्याय के साथ साथ कांग्रेस के सड़क से लेकर संसद तक के संघर्ष की जीत है। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि जातिगत जनगणना होने से सभी लोगों को उनकी हिस्सेदारी व भागीदारी के साथ न्याय मिलेगा जिससे लोकतंत्र मजबूत बनेगा। सशक्त लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण पदों पर हर वर्ग और जाति का प्रतिनिधित्व जरुरी है।

विधायक आफताब अहमद ने कहा कि भाजपा केंद्र सरकार इसे न्यायसंगत तरीके से अमल में लाए, नाकि महज बिहार चुनाव के लिए जुमले के रूप में इस्तेमाल करे।

विधायक आफताब अहमद ने कहा कि कांग्रेस द्वारा वर्ष 2011 में कराई गई सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना के निष्कर्ष को भी आज तक भाजपा केंद्र सरकार ने प्रकाशित नहीं किया है उम्मीद है इस बार सरकार संकुचित मानसिकता नहीं अपनाएगी।

बता दें कि जातिगत गणना वो मुद्दा है, जिसे लेकर विपक्ष लगातार सरकार पर हमलावर रहा है, अब मोदी सरकार के ऐलान के बाद नूंह विधायक आफताब अहमद ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस व राहुल गांधी के प्रयासों का जिक्र किया है।

भारत जोड़ो यात्रा के दौरान से लेकर संसद भवन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी जातिगत जनगणना के पक्ष में लगातार बोलते दिखे हैं। कल आखिरकार भाजपा सरकार ने इसे मानने का ऐलान किया है।

केंद्र सरकार ने बुधवार को ऐलान किया है कि मूल जनगणना में ही वो जाति जनगणना कराएगी, ये वो मुद्दा है, जिसे लेकर विपक्ष लगातार सरकार पर हमलावर रहा है। विपक्ष लगातार ये दावा करता रहा है कि मोदी सरकार जाति जनगणना कराने के पक्ष में ही नहीं है। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि आरक्षण, न्याय, जातिगणना, समानता, बंधुत्व, धर्मनिरपेक्षता, रोजगार, महंगाई, कांग्रेस के प्रमुख मुद्दे हैं और इन मुद्दों पर एक एक कर कांग्रेस भाजपा सरकार को लगातार घेरने का काम करेगी।

वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ पत्रकार सम्मेलन के बाद विधायक आफताब अहमद ने कहा कि नूंह सहित प्रदेश को पूरा पानी पंजाब और दिल्ली से मिलना चाहिए, गर्म मौसम में इसकी सख्त दरकार है। उन्होंने पंजाब की आप सरकार और हरियाणा, दिल्ली की भाजपा सरकार पर मिलीभगत कर हरियाणा को पानी ना देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नूंह सहित हरियाणा को अपने हिस्से का पानी नहीं मिल रहा है जिससे आम जन और किसान त्रस्त हैं। उन्होंने तत्काल प्रभाव से पूर्ण पानी नूंह सहित हरियाणा को देने की मांग उठाई है।

# अक्षय तृतीया के दिन डीएलएफ एसोसिएशन के नये कार्यालय का उद्घाटन



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** अक्षय तृतीया के दिन डीएलएफ एसोसिएशन के नये कार्यालय का उद्घाटन ( प्लाट नं- 10 न्यूडीएलएफ इंडस्ट्रीयल एरिया) पूजन हवन के साथ किया गया। एसोसिएशन अध्यक्ष श्रीराम अग्रवाल ने कहा कि आज का दिन शुभ कार्य के लिए सर्वाधिक उपयुक्त माना गया है। श्री अग्रवाल ने कहा कि एसोसिएशन ने जो दायित्व दिया है उसे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से निभाएंगे। आज सभी उद्योगपति एसोसिएशन का सहयोग करने का संकल्प लें ताकि हम सभी मिलकर एकजुटता के साथ डीएलएफ में स्थापित सभी उद्योग संस्थानों के लिए एक बेहतर मित्रता वाला वातावरण बनाकर अपने शहर फरीदाबाद के विकास को ध्यान में रखकर योजना बनाएंगे। हम सभी को ऐसा संकल्प आज लेना होगा तभी यह साकार हो पाएगा। कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर एसोसिएशन के फाउंडर अध्यक्ष टी.सी.धवन, वरिष्ठ सलाहकार एम.पी. रूंगटा, सलाहकार अनिल मित्तल, उपाध्यक्ष एम.एल. गोयल, विशाल मलहोत्रा, महासचिव अभय बजाज, सचिव शरद कुमार, कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता, सदस्य पंकज, एस.एस. आहूजा, एम.एस. सोढ़ी, डी. के. जैन, सौरभ कोचर, रजत चुग, रोहित रूंगटा उपस्थित हुए। नये कार्यालय के लिए शुभकामनाये दी।

साथ ही नव चयनित अध्यक्ष श्रीराम अग्रवाल को डीएलएफ एसोसिएशन अध्यक्ष चयनित होने पर बधाई भी दी।

# जिला के 17 परीक्षा केंद्रों पर 4 मई को होगी नीट की परीक्षा: डीसी

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** उपायुक्त (डीसी) विक्रम सिंह ने बताया कि आगामी 4 मई को जिला में 17 परीक्षा केंद्रों पर नीट परीक्षा दोपहर 02 से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि सामान्य उम्मीदवारों के लिए दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक और दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए शाम छह बजे तक परीक्षा संचालित होगी। उन्होंने आगामी नीट परीक्षा को लेकर संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने अधिकारियों से जिला में निर्धारित 17 परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। साथ ही, पुलिस विभाग से समन्वय बनाकर परीक्षा को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र पर मूलभूत सुविधाएं, बिजली, पंखे, जैमर, पेयजल, शौचालय और साफ सफाई सहित अन्य उचित व्यवस्था के प्रबंध बारे भी अधिकारी ध्यान रखें। डीसी ने ट्रैफिक पुलिस को परीक्षा वाले दिन ट्रैफिक एडवाइजरी जारी कर आवश्यक मार्गों का डायवर्सन कराने को कहा ताकि केंद्रों के आस-पास किसी प्रकार की अव्यवस्था या जाम की स्थिति न बने। साथ ही, उन्होंने परीक्षा केंद्रों के आस-पास भीड़ न जुटने देने के निर्देश भी दिए। समीक्षा बैठक में एडीसी साहिल गुप्ता, एसडीएम बड़खल त्रिलोक चंद, एसडीएम बल्लभगढ़ मयंक भारद्वाज, सीटीएम अंकित कुमार, सीएमओ डॉ जयंत आहूजा, जिला शिक्षा अधिकारी अजित सिंह, एसीपी विष्णु सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।







# काबिलियत से गाड़े सफलता के झंडे



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिला फरीदाबाद से यूपीएससी में उत्तीर्ण अभ्यार्थियों में बल्लभगढ़ निवासी नम्रता अग्रवाल (रैंक 214), सेक्टर 28 निवासी कनिष्क अग्रवाल (रैंक 279) एवं फरीदाबाद निवासी पूनम कसाना (रैंक 485) शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने तीनों अभ्यार्थियों को पवित्र गीता और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।



# संपादकीय

## पूरी दुनिया है भारत के साथ विरोधी दल आतंकियों के साथ

कश्मीर घाटी के पहलगाम हमले में 26 निहत्थे निर्दोष पर्यटकों की धर्म पूछकर और कलमा न पढ़ पाने पर की गई नृशंस हत्याओं के बाद, देश में आतंकवाद के खिलाफ भीषण आक्रोश है। देश का जन जन पाकिस्तान से बदला लेने के लिए तड़प रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले बिहार की मधुबनी रैली में और फिर मन की बात रेडियो कार्यक्रम में देश को विश्वास दिलाया है कि पीड़ितों को न्याय मिलकर रहेगा तथा पाकिस्तान को ऐसा दंड दिया जाएगा जिसकी उसने कल्पना भी नहीं की होगी। आतंकवादी घटनाओं के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ कि देश के गृहमंत्री तुरंत अपने सभी कार्यक्रम रद्द करके घटनास्थल पहुंचे और पीड़ितों के साथ खड़े रहे। इस घटना के बाद से भारत के आतंकवाद से निपटने के निर्णय को विश्व के सभी प्रमुख देशों ने अपना पूरा समर्थन दिया है। लगभग पूरा वैश्विक समुदाय संकट की इस घड़ी में भारत के साथ खड़ा हुआ दिखाई दे रहा है।



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

भारत के विरोधी दलों की स्थिति इसके पूर्णतया विपरीत है। भारत सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में तो विपक्ष ने सरकार का साथ देते हुए पहलगाम हमले की निंदा की तथा सरकार के निर्णयों का पूर्ण समर्थन देने की बात की किन्तु कुछ ही घंटों में इनके तेवर बदल गए और ये वापस अपनी तुष्टीकरण की राजनीति में लग गए। स्वाभाविक रूप से इनके पाकिस्तान परस्त एजेंडा का नेतृत्व कांग्रेस पार्टी कर रही है जिसने अपनी सोशल मीडिया टीम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विरुद्ध अत्यंत निंदनीय कैम्पेन आरम्भ किया है। कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी एक ताजा मीम में प्रधानमंत्री का शीर्ष रहित स्केच दिखाया गया है। कांग्रेस सहित विपक्ष के सभी नेता और प्रवक्ता टीवी चैनलों तथा सार्वजनिक मंचों पर जिस प्रकार की बयानबाजी कर रहे हैं उससे स्पष्ट है इनको देश से कोई मतलब नहीं है बस अपने वोट बैंक को खुश करना है भले ही देश की सुरक्षा को दांव पर क्यों न लगाना पड़े।

आज कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, राजद और आम आदमी पार्टी के प्रवक्ताओं की बयानबाजी कर रहे हैं इन नेताओं के गिरे हुए स्तर का प्रमाण है। पाकिस्तानी माडिया व यूट्यूबर्स विरोधी दलों के इन्हीं नेताओं के बयानों को आधार मानकर भारत के खिलाफ प्रोपोगैंडा चला रहा है। सबसे पहले गांधी परिवार के दामाद रॉबर्ट वाड्रा जिस पर आर्थिक भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है उसने आपत्तिजनक बयान दिया फिर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया जो मुस्लिम तुष्टीकरण और जातिवाद की राजनीति में गले तक फंसे हैं ने कहा कि इस समय पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध छेड़ने की कोई आवश्यकता नही है।

उत्तर प्रदेश में समाजवादी मुखिया अखिलेश यादव को राज्य में मुस्लिम तुष्टिकरण और पीडीए राजनीति की चिंता है और यही कारण है कि वे कहते हैं कानपुर के शहीद शुभम द्विवेदी के परिवार से उनका कोई संबंध नहीं है और उनके घर जाने का उनके पास समय नहीं हैं। वहीं सरकार को घेरने के लिए वो बलिदानियों को 10-10 करोड़ का मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं और भाजपा सरकार पर हमलावर हैं। स्मरणीय है कि ये यह वही अखिलेश यादव हैं जो माफिया मुख्तार और अतीक अहमद के घर जाकर मर्सिया पढ़ते हैं। यह वही अखिलेश यादव हैं जिन्होंने 2012 से 2017 के मध्य संविधान को दरकिनार रखते हुए आतंकवादियां की रिहाई का हरसंभव प्रयास किया था।

यही नहीं भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने पहलगाम की दुखद घटना की निंदा तो नहीं की लेकिन जब भारत सरकार ने सिंधु नदी जल समझौता स्थगित किया तब उसके पेट में दर्द होने लगा। ज्ञातव्य है कि पाकिस्तानी नागरिकों को सीमा पर छोड़ने वाली एक गाड़ी पर इनकी यूनियन का नाम लिखा था। टिकैत ने यहां तक कह दिया कि पहलगाम के आतंकी सीमा पार नहीं सब यहीं पर छुपे हुए हैं। स्पष्ट है टिकैत पाकिस्तानी मीडिया का नायक बनना चाहता है, लेकिन क्यों?

अपने नेताओं की बयानबाजी से चौतरफा घिरी कांग्रेस पार्टी ने जब तक अपने नेताओं को अनर्गल बयानबाजी से बचने का निर्देश दिया तब तक बहुत देर चुकी थी लेकिन फिर भी उसके नेताओं ने अपनी पार्टी का निर्देश लेने से इंकार दिया। अब भी कांग्रेस पार्टी और इनके पेड हैंडल्स के सोशल मीडिया एकाउंटस को देखा जाये तो वो आपत्तिजनक शब्दावली से भरे पड़े हैं।

पाकिस्तान के खिलाफ कड़े कदम उठाने और आतंकवाद पर अंतिम प्रहार करने से पूर्व देश के अंदर छिपे हुए गद्दारों का बेनकाब होना अनिवार्य है फिर वह चाहे राजनैतिक दल हों, नेता हों या किसी अनाम गोपनीय संगठन का कोई भी सदस्य या यूट्यूबर्स आदि। पहलगाम में हुए आतंकी हमलों पर देश विरोधी टिप्पणी करने के आरोप में पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में अब तक 25 लोगों को हिरासत में लिया गया हैं। उत्तर प्रदेश में लोक गायिका नेहा सिंह पर एफआईआर दर्ज की गई है। गिरफ्तार किये लोगों में विधायक, पत्रकार, छात्र, एक वकील, एक महिला और सेवा निवृत्त शिक्षक शामिल हैं यह सभी लोग इंटरनेट मीडिया पर लगातार आपत्तिजनक पोस्ट कर रहे थे। भारत के हर राज्य और हर कोने में अभी भी हजारों की संख्या में देशविरोधी अराजक तत्व मौजूद हैं जिन पर भी निर्णायक कार्यवाही का यही समय है।

## कनीना में कार्यरत दो कर्मचारी हुए सेवानिवृत

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कनीना में कार्यरत कर्मचारी राजेंद्र सिंह 34 वर्ष की सेवा के बाद बुधवार को सेवानिवृत हो गया। उनकी सेवानिवृति पर दोंगडा अहीर जलघर पर दावत एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कर्मचारियो ने हिस्सा लिया। इस मौके पर जेई पवन कुमार, कौशल यादव, जोगेंद्र शर्मा, मुकेश कुमार उपस्थित थे। दूसरी ओर पुलिस कर्मचारी कृष्ण कुमार भी सेवानिवृत हो गए। उनकी सेवानिवृति पर कनीना बार एसोसिएशन प्रांगण में विदाई पार्टी समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस कर्मचारियों व अधिवक्ताओं ने हिस्सा लिया।

## जरूरी सूचना

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

# जम्हूरी किसान सभा हरियाणा सिवानी तहसील कमेटी के प्रधान विक्रम सिवाच की अध्यक्षता में हुई मीटिंग

समाचार गेट/सोनिका सूरा

**सिवानी मंडी।** सिवानी तहसील कमेटी के प्रधान विक्रम सिवाच की अध्यक्षता में एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसका संचालन तहसील सचिव दरिया सिंह गुढ़ा ने किया। उन्होंने बताया की बीजेपी सरकार किसानों के साथ धोखा कर रही हैं समय पर ना तो पानी मिल रहा हैं और ना ही खाद्य मिल रही हैं। वहीं मुख्यतौर पर जम्हूरी किसान सभा हरियाणा के राज्य कन्वीनर आजाद सिंह मिरान भी मीटिंग में शामिल हुए। उन्होंने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और आतंकी हमले में मृतक लोगों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहां की इस हमले से देश की सुरक्षा को लेकर देश के प्रधानमंत्री मौन क्यों हैं।

सभी देशवासियों से आह्वान करते हुए कहा की देश में एकता और आपसी भाईचारा बनाए रखें। उसके बाद उन्होंने देश के हालात पर बात करते हुए बताया की बीजेपी सरकार अमेरिका से कृषि व्यापार समझौता कर रही हैं उससे देश के किसानों को बहुत बड़ा नुकसान हो गया उन्होंने इस समझौते को किसानों का डेथ समझौता बताया है अमेरिका से आया व्यापार नीति के लिए प्रतिनिधि मंडल ने बता रहा है की भारत से व्यापार समझौता के सारे कालम पुरे कर लिए हैं वहीं देश के प्रधानमंत्री इस समझौते पर चुप्पी सादे हुए हैं। उन्होंने आगे बात करते हुए कहा की हरियाणा में संयुक्त किसान मोर्चा के दबाव में हरियाणा सरकार ने नकली बीज खाद्य बेचने वालों के खिलाफ कानून बनाया है जो सही है उससे नकली बीज खाद्य बेचने वालों पर शिकंजा कसा जा सकता है। अब सरकार उसमें कुछ संसोधन करने के बारे में विचार कर रही हैं। जो सरासर किसानों के साथ धोखा होगा जिस संयुक्त किसान मोर्चा कतई बर्दास्त नहीं करेंगे।



उन्होंने पंजाब सरकार के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने जो हरियाणा के पानी में कटौती की है उसे भी गलत बताया पहले हरियाणा को 9000 क्यूसिक पानी मिलता था पंजाब की मान सरकार ने उसे घटा कर 4000 क्यूसिक कर दिया है उससें हरियाणा में खेती के पानी की कमी तो दूर हरियाणा के बहुत से जिलों में पीने के पानी के लिए हाहाकार मच जाएगा उन्होंने कहा की हरियाणा के मुख्यमंत्री को जल्द से जल्द भगवंत मान से बातचीत करके समाधान करना चाहिए।

लास्ट उन्होंने बताया की 20 मई को केन्द्रीय ट्रेंड यूनियनों के आह्वान पर देशव्यापी हड़ताल में संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा सभी किसान संगठन मजदूरों व कर्मचारियों की मांगों का समर्थन करते हुए हड़ताल में शामिल होंगे वहीं तहसील प्रधान विक्रम सिवाच ने कहा की सभी साथी गांव गांव में जाकर किसानों को जागरूक करेंगे और तहसील के सभी गांवों में संगठन की मेम्बरशिप व चंदा अभियान चलाया जाएगा। मीटिंग में तहसील कैशियर सुनिल बख्तावरपुरा,तहसील उप-प्रधान कुलदीप खेड़ा , सुरेश रूपाणा, निहाल सिंह किकराल,संजय सिंह बड़वा, मुकेश जांगड़ा शामिल हुए।

# अंत्योदय परिवारों के लिए आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करती है दयालु योजना : एसडीएम

समाचार गेट/सोनिका सूरा

**सिवानी मंडी।** हरियाणा सरकार द्वारा संचालित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) अंत्योदय परिवारों को आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। यह योजना उन परिवारों को सहायता प्रदान करती है जो किसी सदस्य की मृत्यु अथवा स्थाई विकलांगता के कारण आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। इस योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को संबल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम उठाया गया है। हरियाणा सरकार अंत्योदय परिवारों की सामाजिक सुरक्षा के लिए लगातार प्रयासरत है। योजना की पात्रता बारे जानकारी देते हुए एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने बताया कि परिवार की वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपये तक हो, मृत व्यक्ति की आयु 6 से 60 वर्ष तक होनी चाहिए, परिवार के द्वारा मृत्यु या स्थाई विकलांगता की स्थिति में मृत्यु या स्थाई विकलांगता की तिथि से तीन महीने के भीतर आवेदन करना होगा। यह योजना पूरी तरह से निशुल्क है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत आयु अनुसार परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जाती है। आयु 6-12 को एक लाख रुपये, आयु 12-18 को दो लाख रुपये, आयु 18-25 को तीन लाख रुपये, आयु 25-45 को पांच लाख रुपये तथा आयु 45-60 को तीन लाख रुपये की आर्थिक सहायत उपलब्ध करवाई जाती है। आवेदन करने की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए एसडीएम ने बताया कि पात्र परिवार पोर्टल www.dapsy.finhry.gov.in पर आवेदन करें, पीपीपी आईडी नंबर दर्ज करें और गेट ओटीपी पर क्लिक करें, ओटीपी दर्ज करें और सबमिट ओटीपी पर क्लिक करें। इसके बाद, परिवार के सदस्यों को प्रदर्शित किया जाएगा, फिर लाभार्थी सभी आवश्यक व्यक्तिगत विवरण भरेगा और फॉर्म जमा करेगा। उन्होंने सभी पात्र नागरिकों से अपील की कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठायें। इसके अलावा फर्जी एजेंट्स से सावधान रहें और धोखाधड़ी से बचें। किसी प्रकार की जिज्ञासा या सवाल dayaluhelpline@gmail.com पर भेजें या अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 0172-2996024 पर संपर्क करें।



# यूरो स्कूल कनीना के खिलाडियों ने स्केटिंग प्रतियोगिता में लहराया परचम

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** रेवाड़ी जिले के एक निजी स्कूल में आयोजित हुई 'स्केटिंग प्रतियोगिता में यूरो स्कूल कनीना के खिसलाडियों ने उम्दा प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल किया है। विद्यालय के प्राचार्य सुनील यादव ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने कौशल का श्रेष्ठ परिचय देते हुए 9 स्वर्ण पदक, 7 रजत पदक और 7 कॉंस्य पदक हासिल किये। इस सफलता पर बुधवार को विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मैडल लाने वाले खिलाडियों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य सुनील यादव व उपप्राचार्या संजू यादव ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेल भी जरूरी हैं। अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियों में आत्म विश्वास, सहयोग, सहनशीलता व समूह में काम करने की क्षमता का विकास होता है। इस अवसर पर स्केटिंग कोच अमित चैहान, कोर्डिनेटर रवीन्द्र यादव, ऋतु तंवर, सुमन यादव, तन्नू गुप्ता सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।




# मॉकड्रिल प्रशिक्षण : आगजनी पर काबू पाने के लिए उप नागरिक अस्पताल में मॉकड्रिल का आयोजन



### अस्पताल के चिकित्सकों व कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

### दमकल विभाग के फायर आफिसर ने सावधानी बरतने को कहा

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** उप नागरिक अस्पताल कनीना में बुधवार को आगजनी से होने वाले नुकसान एवं उस पर काबू पाने के लिए मॉकड्रिल शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दमकल विभाग के कर्मचारियों ने फायर सेफ्टि को लेकर अस्पताल कर्मियों को प्रशिक्षण दिया। वरिष्ठ फायर आफिसर विकास कुमार, फायरमैन प्रदीप कुमार, नरेश मान, योगेश कुमार, विनय कुमार ने आग पर काबू पाने का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने आगजनी से होने वाले नुकसान को लेकर मॉकड्रिल के माध्यम से उनके इंतजाम तथा व्यवस्था को भी परखा। हरियाणा अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाओं की ओर से अस्पताल के चिकित्सकों तथा स्टाफ कर्मचारियों को आगजनी व सडक दुर्घटनाओं के बारे में जागरूक किया। अग्निशमन केंद्र कनीना में कार्यरत नरेश मान ने बताया कि क्षेत्र में इस बढते तापमान के चलते आगजनी की अधिक संभावना रहती है। इसके बचाव को लेकर प्रत्येक नागरिक द्वारा सावधानी बरती जानी जरूरी है। उन्होंने कहा कि फसल कटाई के दौरान 24 घंटे के अंतराल में उनके पास आगजनी एवं एक्सीडेंट को लेकर 15-16 कॉल प्राप्त होती थी। उनकी ओर से प्रत्येक कॉल पर शीघ्रता से रेस्पॉंस दिया गया। नतीजतन आगजनी से होने वाले नुकसान की मात्रा में कमी दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि अग्निशमन वाहन स्टाफ अलर्ट मोड पर रहता है। कॉल रिसीव होते ही वे घटनास्थल के लिए रवाना हो जाते हैं। उन्होंने आगजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए अस्पताल कर्मियों व आमजन को जागरूक करने की बात कही। आगजनी की घटना होने पर हेल्पलाईन नम्बर 112 पर कॉल करें।

## पंचायत समिति कनीना द्वारा करवाए गए विकास कार्यों का आज करेगीं उद्घाटन

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव आज बृहस्पतिवार 1 मई को कनीना का दौरा कर पंचायत समिति समिति एवं उनकी ओर से दी जारी की गई ग्रांट से सम्पन्न हुए विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेगीं। पंचायत समिति कनीना के चेयरमैन जयप्रकाश यादव ने बताया कि कनीना पंचायत समिति के अंतर्गत 53 गांव हैं जिनमें साढे तीन करोड रूपये की लागत से कुछ कार्य सम्पन्न हो चुके हैं उनका उद्घाटन किया जायेगा तथा जो कार्य प्रारंभ किए जाने हैं उनका शिलान्यास किया जाऐगा। उन्होंने बताया कि गुढा व छितरौली में सीवरेज लाईन डाली गई है वहीं अन्य गावों में गलि, नाले, रास्ते, पेयजल लाईन, बोरवैल, खेत-खलिहान के रास्ते बनाए गए हैं। कुछ गावों में विकास कार्य प्रारंभ किए जाने हैं। उन्होंने बताया कि पंचायत समिति कार्यालय के समीप आयोजित होने वाले समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस समारोह में स्थानीय नेता, जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, जिला प्रशासन के अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी तथा आमजन मौजूद रहेंगे।

## सफलता: भोजावास में हवाई फायर कर दहशत फैलाने वाले दो युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** कनीना-अटेली मार्ग स्थित गांव भोजावास में सप्ताहभर पूर्व हवाई फायर कर दहशत पैदा करने के चार में से दो आरोपियों को पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के दिशा निर्देशन में पुलिस टीम ने मंगलवार सांय मोहनपुर नांगल के समीप से गिरफ्तार कर लिया। काबू किए गए आरोपियों की पहचान सोमबीर उर्फ बबलु व हेमंत वासी भोजावास के रूप में हुई है। कनीना सदर थाना इंचार्ज सज्जन कुमार वशिष्ठ ने बताया कि दोनों आरोपियों को बुधवार को एसडीजेएम कोर्ट कनीना में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड की मांग की। कोर्ट ने एक दिन के रिमांड की मंजूरी दी। रिमांड अवधि के दौरान पुलिस टीम आरोपियों से हथियार व लाठी-डंडे बरामद करेगी। उन्होंने बताया कि आरोपी अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त हैं।


## ध्यानार्थ:

हिन्दी दैनिक समाचार गेट एंव city24news.in द्वारा कवरेज की गई आपकी खबरों को आप यहां नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करके भी देख सकते हैं।

अगर आप हिन्दी दैनिक समाचार गेट की प्रिंट कॉपी लेना चाहते हैं तो आप फरीदाबाद ओल्ड रेड लाइट पर न्यूज पेपर स्टॉल से एंव गोपाल न्यूज पेपर एजेंसी अंबेडकर चौक बल्लभगढ से प्राप्त कर सकते हैं।

न्यूज पोर्टल पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://city24news.in/

फेसबुक पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://www.facebook.com/city24news.in

ई-पेपर देखने के लिए इस लिंक पर देखें
https://city24news.in/e-paper

आप अपनी खबर अथवा सूचना भेजने के लिए
samachargate@gmail.com
या 9818180269 पर भी भेज सकते हैं।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

## समाचार गेट

को TITLE CODE : HARHIN11569

**आवश्यकता है**

- हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
- उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
- ग्रामीण संवाददाता
- फोटोग्राफर
- विज्ञापन प्रतिनिधि

इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

# राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निपटाने के लिए आगे आएं : रीतु यादव



समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फरीदाबाद संदीप गर्ग, जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फरीदाबाद के कुशल मार्गदर्शन और श्रीमती रीतू यादव, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फरीदाबाद के सक्षम नेतृत्व में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 10.05.2025 को जिला न्यायालय परिसर सेक्टर 12 फरीदाबाद में आयोजन किया जाएगा जिसका मुख्य उद्देश्य ट्रैफिक चालान केसों का अधिक से अधिक निपटारा बैंक रिकवरी मामले, मोटर वाहन दुर्घटना दावा (MACT) मामले, पारिवारिक विवाद, दीवानी मामले, फौजदारी जमानती मामले, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामले, बिजली और पानी के बिलों से जुड़े विवाद, राजस्व मामले, और अन्य छोटे-छोटे वादों का आपसी सहमति से अधिक से अधिक निपटान करना है।

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी श्रीमती रितु यादव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फरीदाबाद, आम जनता से अपील करता है कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपने लंबित विवादों को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निपटाने के लिए आगे आएं। यह न केवल न्यायिक प्रणाली के बोझ को कम करेगा, बल्कि विवादों का त्वरित और स्थायी समाधान सुनिश्चित करेगा।

# इनेलो महासचिव ने घर पर झंडा फहराकर और लगाकर मनाया इनेलो का स्थापना दिवस

समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** इंडियन नेशनल लोकदल के जिला महासचिव किशन लाल बजाज ने अपने दो नंबर स्थित निवास पर पार्टी का झंडा लगाकर और फहराकर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर किशन लाल बजाज ने कहा कि पूर्व उपप्रधानमंत्री और किसानों के मसीहा चौ. देवीलाल के पदचिन्हों पर चलते हुए पूर्व मुख्यमंत्री स्व0. ओमप्रकाश चौटाला ने इस पार्टी का गठन हरियाणा वासियों की तरक्की और खुशहाली के लिए किया गया था। आज अभय सिंह चौटाला भी अपने दादा और पिता के मार्गदर्शन से पार्टी को नई ऊचाईयों पर ले जाने के लिए पूरी ताकत झोंके हुए है। उन्होंनें कहा कि इनेलो के राज में जनता को ही मुलभूत सुविधा उपलब्ध हो रही थी क्योंकि यह पार्टी जनता के सुख दुख को भली भांति समझती थी। उन्होंनें कहा कि आने वाला समय इनेलो का होगा क्योंकि इसके कार्यकर्ताओं में जनसेवा कूट कूटकर भरी हुई है।



# ब्यापार मंडल फरीदाबाद (रजि) व यथार्थ हॉस्पिटल कल मनाएगा अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस

## डा. राजेश भाटिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक में तैयार की गई रुपरेखा



समाचार गेट/सुमित गोयल

**फरीदाबाद।** ब्यापार मंडल फरीदाबाद रजि. व यथार्थ हॉसपिटल सेक्टर-88 ग्रेटर फरीदाबाद मिलकर अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर एक मई, 2025 को दोपहर 03 बजे तिकोना पार्क स्थित ब्यापार मंडल में एक कार्यक्रम का आयोजन करेंगे, राजेश भाटिया ने यथार्थ हॉसपिटल के वाइस-प्रेसिडेंट मार्केटिंग के सिध्दार्थ शर्मा से फोन पर बातचीत करी। जिसमें श्रमिकों को जहां टोपी (केप), बिस्किट, मीठा जल इत्यादि वितरित की जाएगी वहीं उन्हें उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही साथ उन्हें रिफ्रेशमेंट दी जाएगी। इस आयोजन के संदर्भ में आज ब्यापार मंडल के प्रधान डा. राजेश भाटिया की अध्यक्षता में ब्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं यथार्थ हॉसपिटल की मैनेजमेंट अधिकारियों की बीच एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मे संबोधित करते हुए डा. राजेश भाटिया ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर ब्यापार मंडल और यथार्थ हॉसपिटल एक नई पहल शुरू कर दी है, जिसके तहत जहां उनके स्वास्थ्य की जांच की जाएगी वहीं उन्हें टोपी व रिफ्रेशमेंट इत्यादि भी भेंट की जाएगी। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मजदूर व श्रमिकों को समर्पित रहता है और इस दौरान श्रमिकों व मजदूरो को उनके अधिकारों के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया जाएगा। इस मौके पर यथार्थ हॉसपिटल के सीनियर मैनेजर मार्किटिंग राजीव शर्मा, यादराम, मोनिका भाटिया, सचिन भाटिया, अमित नरूला, प्रेम बब्बर, रिंकल भाटिया, नंद राम पाहिल, इन्द्र पाल जैन मौजूद थे।

# अग्रवाल कॉलेज में फाइनल ईयर छात्रों के लिए मेगा जॉब फेयर किया सफल आयोजन



समाचार गेट/सुमित गोयल

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ ने सभी स्ट्रीम्स के फाइनल ईयर छात्रों के लिए एक मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया। यह कार्यक्रम माननीय चेयरमैन देवेंद्र कुमार गुप्ता, महासचिव दिनेश कुमार गुप्ता, तथा कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. जयपाल सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। यह आयोजन विंग-1 में डॉ. सचिन गर्ग की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस जॉब फेयर में कस्टमर सपोर्ट, आई टी टेक सपोर्ट, गोल्ड लोन, एच आर एवं रिक्रूटमेंट, बिजनेस डेवलपमेंट, इलेक्ट्रॉनिक्स, बीमा क्षेत्र, तथा पेंट लैब टेक्नीशियन जैसे विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का सफल समन्वय डॉ. शिल्पा गोयल (संयोजक, CCCCTP) तथा श्री मनोज सिंह (संयोजक, CEEP) द्वारा किया गया। इस मेगा जॉब फेयर में HDFC बैंक, IPCA ग्रुप, BMC प्राइवेट लिमिटेड, HMD, मुथूट फाइनेंस, तथा PayTm सहित कुल 8 कंपनियों ने भाग लिया। इन कंपनियों ने आईटी, एचआर, सेल्स एंड मार्केटिंग और मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में छात्रों के लिए रोजगार के विभिन्न अवसर प्रदान किए।

कार्यक्रम में 250 से अधिक छात्रों ने भाग लिया, जिन्होंने भर्तीकर्ताओं से सीधे संवादकर अपने कौशल और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कई छात्रों ने अपनी प्रभावशाली संवादशैली और साक्षात्कार में उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर आकर्षक नौकरी के प्रस्ताव प्राप्त किए। भर्ती कंपनियों ने कॉलेज के छात्रों की गुणवत्ता की सराहना। उन्होंने इस आयोजन को एक सफल और व्यवस्थित प्रयास बताया, जिसने छात्रों और उद्योग के बीच एक सशक्त से तुका कार्य किया।

दूसरा मेगा जॉब फेयर 30 अप्रैल 2025 को अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़, विंग-2 में आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन को सफल बनाने में सुश्री प्रीति शर्मा, सुश्री पारुल सिंगला, सुश्री प्रीति दीक्षित, सुश्री चित्रा, सुश्री पूनम, सुश्री सुषमा, सुश्री संजना, सुश्री मेनका और सुश्री सोनिया का विशेष योगदान रहा।

# घर के बाहर हवाई फायर करने वाला एक और आरोपी को क्राईम ब्रांच ने दबौचा

## एक पिस्टल व स्कॉर्पियो गाडी बरामद



समाचार गेट/सुमित गोयल

**फरीदाबाद।** पुलिस थाना तिगांव में रोहित वासी जसाना, फरीदाबाद ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि 26 अप्रैल की रात को उसके घर के गेट के सामने एक गाडी आई, जिसमें बैठे अज्ञात व्यक्ति ने दो हवाई फायर किए गये। जिसकी आवाज सुनकर कर जब वो बाहर गये तब तक आरोपी वहां से गाडी लेकर चले गये थे। जिसकी शिकायत पर पुलिस थाना तिगांव में विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेक्टर 65 की टीम ने आरोपी अतुल उर्फ अक्की जिला गाजियाबाद उ.प्र. को सुरजपुर गाजियाबाद उ.प्र से गिरफ्तार किया है। आरोपी सुमित व रोबिन वासी गौतमबुद्ध नगर उ.प्र. को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुछताछ में सामने आया कि उनका व शिकायतकर्ता का करीब 2 महिने पहले उत्तर प्रदेश में किसी शादी के दौरान झगडा हुआ था। 26 अप्रैल को अभी आरोपी अपने साथियों के साथ गॉव साहबाद में एक लगन कार्यक्रम में आये हुए थे। इनको पता चला कि जिसके साथ इनका झगडा हुआ था उसका घर यही पास में ही है, उस पर दबदबा बनाने के लिए आरोपीगण शिकायतकर्ता के घर के बाहर गाड़ी में गए और 2 हवाई फायर कर भाग गये। आरोपी सुमित ने हवाई फायर किया था तथा रोबिन गाडी चला रहा था व आरोपी अतुल मौका पर गाडी मे मौजुद था। आरोपियो से वारदात मे प्रयोग पिस्टल व स्कॉर्पियो गाडी बरामद। पुछताछ के बाद तीनो आरोपियों को माननीय अदालत में पेश कर कर जेल भेजा गया है।

# पुलिस कैडेट सीपीसी कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षाओं का आयोजन किया गया



समाचार गेट/सुमित गोयल

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त फरीदाबाद के आदेशानुसार व पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय के मार्गदर्शन फरीदाबाद पुलिस की सामुदायिक पुलिसिंग टीम द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहे हैं, इसी क्रम में राजकीय मॉडल संस्कृतिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, NIT-3, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, NIT-1 और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मुजेसर, फरीदाबाद में स्टूडेंट पुलिस कैडेट (SPC) कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षाओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कैडेट्स को सड़क सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, अनुशासन, उत्तरदायित्व, नैतिकता एवं नागरिक चेतना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। साथ ही, उन्हें राष्ट्रसेवा एवं सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक कर प्रेरित किया गया।

# अक्षय तृतीया के पावन दिन गौ उत्पाद विक्रय दिवस मनाया



समाचार गेट/सुमित गोयल

**बल्लभगढ़।** गौशाला ऊंचा गांव में गौ मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा अक्षय तृतीया के पावन दिन गौ उत्पाद विक्रय दिवस मनाया गया। गौशाला द्वारा निर्मित गौरस और अन्य गौ उत्पाद का गौशाला में पधारे गौभक्तों को विक्रय किए गए। गौशाला से सैंकड़ों लोगों ने गौ उत्पाद खरीदे तथा अपने नित्य जीवन में गौ उत्पादों को प्रयोग करने का संकल्प लिया। गौशाला की ओर से मुख्य गौसेवक रूपेश यादव ने सभी गौ उत्पाद क्रेताओं का आभार व्यक्त किया।

फ्री होम डिलीवरी, अखबार की कटिंग साथ लाने पर 10 प्रतिशत की छूट
संपर्क करें: 9811153271







# 12वीं कक्षा के छात्र पर चाकू से हमला करने वाले 3 और आरोपी को किया गिरफ्तार



समाचार गेट/सुमित गोयल

**फरीदाबाद।** निखलेश शर्मा वासी शिव कालोनी फरीदाबाद ने पुलिस थाना पल्ला में शिकायत दी, जिसमें आरोप लगाया कि कुछ लड़कों ने मिलकर उसके बेटे लक्ष्य के साथ मारपीट की तथा चाकुओं से वार कर चोट पहुंचाई। जिसकी शिकायत पर पुलिस थाना पल्ला में मारपीट व हत्या के प्रयास की धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर की टीम ने कार्रवाही करते हुए 3 और आरोपी पियुष(19), आरीफ(19) व सारीक(19) को किया गिरफ्तार। पुछताछ में सामने आया कि कुछ दिन पहले मुख्य आरोपी सोहेल व पीड़ति का स्विमिंग पुल में नहाते समय आपस में झगडा हो गया और पीड़ति ने आरोपी को पीट दिया था। जिस बारे सोहेल ने आरोपियों को बताया और मौका पाकर आरोपियों के साथ मिलकर लक्ष्य पर चाकू व डंडो से हमला कर चोट पहुंचाई। हमले मे तीनों आरोपी मौका पर मौजुद थे। पियुष व सारिक ने डंडो तथा आरिफ ने लात घुसो से लक्ष्य पर हमला किया था। आरोपियो को पुछताछ के बाद माननीय न्यायलय मे पेश कर जेल भेजा गया। चाकू मारने वाले मुख्य आरोपी सोहेल को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।